हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 मई 2026

04 देहात थाना व भीम आर्मी विवाद पर एसपी ने ...



07 क्या कलेक्टर के प्रयास लाएंगे रंग, फिर जनता...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**सागर।** जिले में मई 2026 में ईदुज्जुहा सहित अन्य धार्मिक त्यौहारों के शांतिपूर्वक संपन्न कराने एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 26 मई को सांय 4.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### आर्थिक सहायता के संबंध में बैठक आज

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा अर्थाभावग्रस्त साहित्यकार/कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के आवेदन पत्रों पर सेवा, वित्तीय स्थिति उनकी आयु एवं कला आदि से संबंधित स्पष्ट परीक्षण किया जाना है। उक्त के संबंध में समिति का बैठक आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर मे दिनांक 26 मई को समय दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी।

### केज स्थापना एवं संचालन के लिए 31 मई तक आवेदन पत्र

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति 2026 के अंतर्गत जिले में मत्स्य पालन और इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निवेशको एवं उद्यमियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस नीति के तहत चयनित जलाशयों के प्रभावी उपयोग और मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से इच्छुक व्यक्ति 31 मई तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मत्स्य विभाग जिला पंचायत एवं नगरीय निकायों के चयनित जलाशयो में जैसे सूरजपुरा सोनपुर जलाशय एवं सांजली जलाशय एवं उद्यमी मॉडल अंतर्गत राजघाट जलाशय में केज स्थापना और उनके संचालन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के माध्यम से केज कल्चर एक्वाकल्चर एक्वापोनिक्स इंटीग्रेटेड फिश फार्मिंग इको टूरिज्म और ग्रीन एनर्जी जैसी आधुनिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे न केवल मछली उत्पादन बढ़ेगा बल्कि जिले में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर रोक

**सागर।** कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल में जिले के नागरिकों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य आदेश जारी करते हुए पेयजल आपूर्ति के संचालन में लगे अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगाई गई है। कलेक्टर पाल ने निर्देशित किया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण अत्यंत आवश्यक है। इस हेतु पेयजल आपूर्ति एवं संधारण कार्य से जुड़े समस्त अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। केवल विशेष परिस्थितियों में अवकाश केवल कलेक्टर की पूर्व अनुमति उपरांत ही मान्य होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पेयजल की मांग एवं आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है। जरूरतमंद इस नंबर पर कॉल करके शव वाहन बुला सकते हैं। यह निःशुल्क सरकारी शव वाहन की व्यवस्था मरीजों के इलाज के दौरान मृत्यु होने पर की गई है।

## साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन से पुरानी शिकायतें अतिशीघ्र निराकृत करें, निम्न ग्रेड वाले विभाग ग्रेडिंग और काम सुधारें: कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के विकास कार्यों, उपार्जन व्यवस्था और जन शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में शिथिलता और आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मानसून के आगमन से पूर्व जिले के सभी नगरीय निकायों को 'ड्राइव मोड' में काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस सप्ताह विशेष अभियान चलाकर नालियों पर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाए जाएं। कार्रवाई से पूर्व संबंधित क्षेत्रों में घोषणा कराई जाए। आवश्यकतानुसार जे सी बी मशीनों का उपयोग कर नालों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षाकाल में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

किसानों से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उपार्जन और खाद वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उपार्जन केंद्रों पर चना और मसूर के परिवहन की समस्या को तत्काल दूर किया जाए। इसके लिए डीडीए को स्वयं केंद्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है। कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी कि जितना परिवहन हो चुका है, उसका उसी दिन अनिवार्य रूप से ए सी नोट जारी किए जाएं। किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए डीआरसीएस को स्वयं समितियों का दौरा करने के निर्देश दिए गए। रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन और आरसीएम एस मामले प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के लिए तकनीकी प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामले किसी भी स्थिति में 45 दिवस से अधिक लंबित न रहें। सभी एसडीएम को उनके क्षेत्रों में पुराने/विरासत रिकॉर्ड्र्स के डिजिटलाइ जेशन कार्य की कड़ाई से मॉनिटरिंग करने को कहा गया। उन्होंने सभी विभागों और अधिकारियों को शासकीय कार्यों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने तथा आंतरिक कार्यालय कार्यप्रणाली को इसके अनुरूप ढालने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत जनता की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सीएमएचओ अपनी परफॉर्मेंस में सुधार लाकर 'ए ग्रेड' में आएं, और महीनों से लंबित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उसके बाद ही उनका वेतन आहरित होगा। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सबसे पुराने प्रकरणों को स्वयं देखा और संबंधित अधिकारियों को जवाब-तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी भूमि पर अवैध कब्जा, रास्ता कब्जा, अतिक्रमण , भू-अर्जन से जुड़े मामलों को सभी एसडीएम आवेदकों की संतुष्टि के साथ बंद कराएं। समय-सीमा के पत्रों का जवाब न देने वाले विभागों को तत्काल प्रतिवेदन भेजने तथा सीएम मॉनिट, आयोग से प्राप्त पत्र के लंबित मामलों को प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि आगामी समय-सीमा बैठक तक सभी अधिकारी दिए गए लक्ष्यों को पूरा करें। लापरवाही या कार्य में देरी पाए जाने पर संबंधित विभागाध्यक्ष के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, सभी एसडीएम, जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।





### भारतीय स्त्रीशक्ति के द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर किया गया जल वितरण

**सागर।** भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के द्वारा "गंगा दशहरा" और पुरुषोत्तम मास के पवित्र असवर पर सागर स्टेशन प्लेटफार्म क्र.1 पर आने-जाने वाले रेल यात्रियों के लिए जल एवं बेल का शर्वत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि पुरुषोत्तम मास जहाँ आत्म-शुद्धि और पुण्य कमाने का महीना है, वहीं गंगा दशहरा हमें जल के महत्व की याद दिलाता है। सनातन संस्कृति में भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। इस दौरान यात्रियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया और उनसे पानी बर्बाद न करने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया। भारतीय स्त्रीशक्ति का सदैव उद्देष्य रहता है कि समाज सेवा से समाज को प्रत्येक विषय के लिए जागरूक करें। पुरुषोत्तम मास में हमें केवल पारंपरिक दान-पुण्य तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि हमें जल-दान और जल-संरक्षण का संकल्प लेना है। मुख्य अतिथि, श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि-पुरुषोत्तम मास में केवल अध्यात्म ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार और जीव-सेवा भी बेहद आवश्यक है। इस पवित्र महीने में हम सब भी संकल्प लें कि न सिर्फ प्यासों की प्यास बुझाएंगे, बल्कि जल की एक-एक बूंद को सहेजने का प्रयास करेंगे। पुरुषोत्तम मास में पुण्य कमाने का इससे बड़ा और कोई जरिया नहीं हो सकता कि हम प्यासी धरती को पानी दें और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और जल-समृद्ध भारत छोड़कर जाएं। इसके उपरान्त नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय ने कहा कि सनातन संस्कृति में जल को केवल एक संसाधन नहीं माना गया, जल को देवता और माँ का दर्जा दिया गया है।



### जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को कैंट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है, यदि वे आदेश का उल्लंघन कर जिले की सीमा में पाए जाते हैं तो उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों, क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों एवं जिला बदर आरोपियों पर सतत निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में थाना केंट पुलिस द्वारा जिला बदर आरोपी फरहान उर्फ बिहारी पिता साविर मकरानी उम्र 24 वर्ष निवासी 12 मोहल्ला थाना केंट जिला सागर को जिलाबदर आदेश के उल्लंघन करने एवं बिना वैध अनुमति के जिले की सीमा में प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया गया। जिला बदर आरोपी फरहान उर्फ बिहारी पिता साविर मकरानी को जिला दण्डाधिकारी सागर द्वारा दिनांक 13.11.2025 को 08 माह की अवधि हेतु जिला बदर किया गया था, आदेश का उल्लंघन करते हुए वह 12 मोहल्ला सदर बाजार क्षेत्र में घूमता हुआ पाया गया। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी केंट रोहित डोंगरे द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी फरहान उर्फ बिहारी को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# 2 आर्यिकाओं की समाधि, नाराज जैन समाज ने मौन जुलूस निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रीवा कलेक्ट्रेट के सामने 20 मई को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित,आचार्य श्री समय सागर महाराज की शिष्या आर्यिका उपशममति माताजी और आर्यिका श्रुतमति माताजी को कार चालक ने जानबूझकर टक्कर मारी थी जिसमें दोनों माताजी की समाधि के विरोध मे 25 मई सोमवार को सुबह 8 बजे गौराबाई व पार्श्वनाथ मंदिर कटरा नमकमंडी सागर से कोतवाली पुलिस थाना तक मौन जुलूस के रूप में सकल दिगंबर जैन समाज सागर के आह्वान के हजारों महिला पुरुषों ने पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन और सीएसपी कश्यप को ज्ञापन जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना, महेश बिलहरा, संतोष घड़ी, पूर्व विधायक सुनील जैन, सुधा जैन, सहित हजारों लोगों की उपस्थिति में सौंपा।

सागर में मौन जुलूस में आचार्य श्री उदार सागर महाराज ससंघ, मुनि श्री शाश्वत सागर महाराज ससंघ और मुनिश्री अभेद सागर महाराज ससंघ तीन मुनि संघो का सानिध्य मौन जुलूस को प्राप्त हुआ। मौन जुलूस में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रो में और महिलाएं पीले केसरिया रंग की साड़ी ड्रेस कोड उपस्थित थी जैन समाज के विभिन्न संगठनों और मंदिरों के पदाधिकारी भी उपस्थित होकर शामिल हुए।

### गढाकोटा में सकल जैन समाज का मौन जुलूस तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में संत सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सकल जैन समाज ने गढाकोटा में विरोध दर्ज कराया। गत दिवस मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वी आर्यिका दो माताजी को एक वाहन चालक द्वारा जानबूझकर टक्कर मारने से उनका समाधि मरण हो गया था। गढाकोटा बड़ा जैन मंदिर में शोक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गढाकोटा में विरोध मौन जुलूस में रहली, पटना बुजुर्ग, अनंतपुरा, चांदपुर, काछी पिपरिया, बलेह, छिरारी, मुहली सहित नगर गढाकोटा ओर अन्य ग्रामों की सकल जैन समाज ने एकजुट होकर मौन जुलूस निकाला। जुलूस के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार महेश दुबे को सौंपा। ज्ञापन में दोषी वाहन चालक पर कठोरतम कार्रवाई करने और पूरे देश में साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। जैन समाज के लोगों ने घटना को सुनियोजित बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

### बीएसएनएल केबल क्षतिग्रस्तः बीना रिफाइनरी जेपी पावर प्लांट सहित हजारों उपभोक्ता प्रभावित

**खुरई।** स्टेशन रोड स्थित नटराज टॉकीज के सामने सोमवार को सीवरेज लाइन के चैंबर की खुदाई के दौरान बीएसएनएल की मुख्य केबल क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से बीना रिफाइनरी, जेपी पावर प्लांट, बैंकों और सरकारी-निजी कार्यालयों सहित बीना, खुरई और आसपास के कई कस्बों में हजारों उपभोक्ताओं की दूरसंचार सेवाएं बाधित हो गईं। यह घटना स्टैंडर्ड इंफ्रा कंपनी द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई करते समय हुई। कंपनी शहर में दो साल से अधिक समय से सीवरेज पाइपलाइन और चैंबर डालने का काम कर रही है। ठेकेदार और मजदूरों पर पहले भी लापरवाही बरतने के आरोप लगे हैं, जिसमें पीने के पानी की पाइपलाइन और सड़कों को नुकसान पहुंचाना शामिल है। केबिल टूटने से बीना, खुरई, खिमलासा, भानगढ़, रजवांस, आगासौद और विदिशा जिले के मेहलुआ चौराहा तक के प्रीपेड, पोस्टपेड और लैंडलाइन उपभोक्ताओं की सेवाएं ठप हो गईं। इससे हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। बीएसएनएल के टेक्नीशियन राजकुमार मिश्रा ने बताया कि सागर से खुरई आने वाली जमीन के अंदर डली केबिल स्टैंडर्ड इंफ्रा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई है। उन्होंने पुष्टि की कि बीना रिफाइनरी, जेपी पावर प्लांट, बीना और खुरई के लगभग सभी बैंकों, डाकघरों और उपभोक्ताओं की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मिश्रा के अनुसार, सेवाएं तीन घंटे से अधिक समय से ठप हैं। सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही सेवाओं को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एंबुलेंस ने बाइक सवार को मारी टक्करः गंभीर हालत में सागर रेफर, फरार हुई एंबुलेंस

**खुरई ।** दलपतपुर के पास पठारी रोड पर रविवार रात निजी एम्बुलेंस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सागर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, भीलोन निवासी सुनील अहिरवार (26) पिता मन्नू अहिरवार पठारी रोड स्थित क्रेशर पर डंपर चालक है। वह रविवार रात बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान खुरई से पठारी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अज्ञात एम्बुलेंस ने उसे सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एम्बुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल सुनील को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे सागर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी अंकेश ने बताया कि एम्बुलेंस काफी तेज रफ्तार में थी। सुनील के हाथ, पैर और सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि अस्पताल से अभी तक घटना का मेमो प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में किसी ने कोई शिकायत भी दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि मेमो मिलने या शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत झील व घाटों की हुई साफ-सफाई

# गंगा दशहरा हमें जल के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति को सम्मान देने का संदेश देता है: महापौर संगीता तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासन की मंशानुरूप गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सागर शहर के जलस्त्रोतों की विशेष साफ-सफाई की जा रही है। सोमवार को सुबह-सुबह 7 बजे से महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी के साथ लाखा बंजारा झील के चकराघाट सहित प्रमुख घाटों की साफ सफाई की। सागर की ऐतिहासिक पहचान लाखा बंजारा झील के घाटों की सफाई कर महापौर संगीता तिवारी ने कहा की यह झील हमारी पहचान है। सागर की झील की चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में भी की है आज इसका अद्भुत सौन्दर्य दूर-दूर से आने वालों को अपनी ओर खींचता है। सागर को प्रदेश और देश में पहचान दिलाने वाले ऐसे विशाल जल स्त्रोत को साफ स्वच्छ बनाये रखना हमसब का कर्तव्य है। हम नागरिकों का प्राथमिकता के साथ झील को स्वच्छ सुंदर रखने सहित अपने आस पास के जलस्त्रोत को स्वच्छ रखने में सबसे बड़ा योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत आज हम सब ने मिलकर झील के घाटों की सफाई कर झील के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की है। हम सब नागरिकों का आत्मीय लगाव इस झील से है और हम हमेशा इसकी सफाई और सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।

महापौर संगीता तिवारी ने कहा की गंगा दशहरा पर्व का महत्व जल के जीवनदायी महत्व को देखते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता ही हैं। गंगा दशहरा हमें जल के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति को सम्मान देने का संदेश देता है। हमारे सागर शहर में जलगंगा संवर्धन अभियान के रूप में जलस्त्रोतों की सुरक्षा के साथ जल संरक्षण हेतु किया जा रहा कार्य एक बड़ा जन-आंदोलन बन गया है। विगत 30 मार्च से शहर के विभिन्न जलस्त्रोतों को चिन्हित कर साफ-सफाई व जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलता रहेगा उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा की सागर के विभिन्न वार्डों के नागरिक अपने आसपास के जलस्त्रोत की सफाई की जिम्मेदारी लें और मिलकर सफाई करें। इससे सागर के प्रत्येक जलस्त्रोत को स्वच्छ बनाये रखने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। एक दूसरे को देखकर सभी नागरिकों में जलस्त्रोतों की स्वच्छता व सुरक्षा का भाव विकसित होगा और हम भविष्य के लिए जल को सहेजने व संरक्षित कर सकेंगे।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा की शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जलगंगा संवर्धन अभियान के साथ गंगा दशहरा पर्व मनाते हुए सुबह झील किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया गया और सफाई की गई। झील के पानी पर से भी कचरे को साफ किया गया। घाटों को प्रेसर मशीन की मदद से धोयकर चमकाया गया। हमारी भारतीय संस्कृति अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति के रूप में यह पर्व मनाया जाता है।

भारतीय संस्कृति में नदियों को मात्र जल स्त्रोत नहीं बल्कि जीवनदायिनी देवी माना जाता है। माँ गंगा ने अपने पवित्र जल से सभी का उद्धार किया और करती आ रहीं हैं जैसे नदियां लाइफलाईन जीवनदायिनी हैं वैसे ही हमने सुना है की इस झील ने भी सागर को जीवन दिया था। वर्षों पहले इसके जल का उपयोग पेयजल में किया जाता था। लम्बे समय तक प्रदूषण झेलने के बाद आज फिर यह लाखा बंजारा झील अद्भुत कायाकल्प से अपने पुराने स्वच्छ स्वरूप के साथ आधुनिकता को समाये हुए दिखने लगी है। झील से दूर दूर तक भूजल स्तर बढ़ा है। झील के सौन्दर्यीकरण व कायाकल्प से पर्यावरणीय सुधार हुआ है साथ ही यह पर्यटन का केंद्र बनकर सागर का नाम पुनः बढ़ाने लगी है। यह जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनी है। इसे हमेशा साफ स्वच्छ और सुंदर बनाये रखें।

## हनौता गौशाला में लगेगा पशु दाह संस्कार यंत्र मृत गौवंश का होगा सम्मानजनक अंतिम संस्कार

### पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने हनौता गौशाला को दी एक और बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पूर्व मंत्री एवं विधायक खुरई भूपेंद्र सिंह ने गौवंश संरक्षण और गौसेवा के प्रति अपनी संकल्पित प्रतिबद्धता को एक बार फिर सार्थक रूप देते हुए नगरीय क्षेत्र खुरई की हनौता गौशाला में मृत गौमाताओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार हेतु एनिमल इंसीनेटर स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल की है। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका परिषद खुरई को शीघ्र आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल न केवल गौमाताओं के प्रति संवेदनशीलता और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं मानवीय मूल्यों को भी सशक्त करने वाला कदम माना जा रहा है। इस आधुनिक व्यवस्था के माध्यम से मृत गौवंश का वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। अक्सर देखने में आता है कि गौवंश की मृत्यु होने पर उन्हें खुले स्थानों पर छोड़ दिया जाता है अथवा असंगठित तरीके से दफना दिया जाता है, जिससे आवारा कुत्तों, गिद्धों एवं अन्य मांसाहारी जीवों द्वारा मृत पशुओं के अवशेषों को नोचा जाता है। यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक एवं अमानवीय मानी जाती रही है। साथ ही मृत पशुओं के अवशेषों का अन्य व्यवसायिक उपयोग भी सामाजिक संवेदनाओं को आहत करता है। ऐसे में हनौता गौशाला में एनिमल इंसीनेटर की स्थापना गौसेवा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक पहल के रूप में देखी जा रही है। इससे जहां मृत गौवंश का श्रद्धापूर्वक दाह संस्कार संभव होगा, वहीं स्वच्छता बेहतर होगी तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। नगरवासियों ने इस मानवीय एवं सकारात्मक निर्णय के लिए भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए इसे गौसेवा की दिशा में एक बड़ी सौगात और अनुकरणीय कदम बताया है।

एसपी कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन, सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

# देहात थाना व भीम आर्मी विवाद पर एसपी ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





देहात थाना परिसर में कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार के आरोप को लेकर सोमवार को भीम आर्मी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और एसपी कार्यालय के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने शहर में बाइक रैली निकालते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने देहात थाने में जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी के साथ कथित मारपीट किए जाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन को लेकर पहले से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर था। पुलिस अधिकारी और जवान हेलमेट एवं फुल ड्रेस में मुस्तैद दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी ने आरोप लगाया कि 19 मई को वह अपने साथी संजू चौधरी के साथ एक मामले की जानकारी लेने देहात थाना पहुंचे थे। इस दौरान वहां मौजूद तीन आरक्षकों ने उनके साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया। इस घटना से नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित आरक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने राजपत्रित अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा उक्त प्रदर्शन से पहले ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग, वज्र वाहन, ड्रोन कैमरों से निगरानी, पीए सिस्टम, फिक्स प्वाइंट्स पर पुलिस बल की तैनाती तथा बलवा ड्रिल सामग्री सहित विशेष प्रबंधन किया गया था।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, सतत निगरानी और योजनाबद्ध व्यवस्था के चलते पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। ज्ञापन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी थानों में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि घटना दिनांक के देहात थाने के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित आरक्षकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शन से एक दिन पहले भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर एसपी कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी थी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले से ही विशेष तैयारी कर ली थी।

11 लाख के लेन-देन में विवाद, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

# प्रतिदिन की तरह रात में बाहर सो रहा व्यक्ति सुबह मिला मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव खुर्द गांव में 55 वर्षीय किसान मोहन यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। सोमवार सुबह मोहन यादव का शव उनके घर में मृत अवस्था में मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों ने गांव के ही राम चरण नपित, हर चरण नपित और राजकुमार नपित पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

मृतक के बड़े भाई रामेश्वर यादव ने आरोप लगाया है कि मोहन यादव ने करीब 10 वर्ष पहले रामचरण नपित और हरचरण नपित को लगभग 11 लाख रुपए दिए थे, लेकिन लंबे समय बीतने के बाद भी आरोपियों द्वारा रकम वापस नहीं की जा रही थी। इसी लेन-देन को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। परिजनों के अनुसार, चार दिन पहले मोहन यादव स्वयं पैसे मांगने आरोपी पक्ष के घर गए थे, जहां विवाद और कहासुनी हुई थी। इसके बाद मृतक का छोटा भाई भी रकम वापस मांगने पहुंचा था। परिवार का आरोप है कि इसी विवाद के चलते मोहन यादव के साथ अनहोनी हुई है। घटना के बाद मामले में नया मोड़ तब आया, जब परिजनों ने दावा किया कि घटनास्थल से राम चरण उर्फ कल्लू की एक तौलिया बरामद हुई है। परिजन इसे मामले का अहम सबूत मान रहे हैं और हत्या की आशंका जता रहे हैं। इस दावे के बाद गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

परिजनों का कहना है कि पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। हालांकि पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक रूप से किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गई है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी हुई है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। स्थानीय लोगों की नजर अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हुई है, जिससे इस रहस्यमयी मौत का सच सामने आ सके।

पुलिस ने लौटाया मोबाइल व नगदी, त्वरित कार्रवाई से आरोपियों की भी हुई गिरफ्तारी

# लूट के त्वरित खुलासे से संतुष्ट फरियादी ने किया एसपी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



देहात थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का त्वरित खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का फरियादी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सम्मान किया। फरियादी ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि समय पर हुई कार्रवाई से न्याय व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हुआ है। जानकारी के अनुसार, 19 मई को ग्राम उत्तमपुरा निवासी फरियादी हरप्रसाद पाल उर्फ माते ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ आरोपियों द्वारा उनका रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन तथा 17 हजार 500 रुपये नगद लूट लिए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और लूट के खुलासे के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जिसने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूटा गया मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद कर ली गई। पुलिस की इस सफल कार्रवाई से संतुष्ट होकर फरियादी हरप्रसाद पाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव तथा पूरी पुलिस टीम का पुष्पमाला और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान फरियादी ने कहा कि पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई किए जाने से उन्हें न्याय मिलने का भरोसा कायम हुआ है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आमजन की सुरक्षा, त्वरित कार्रवाई और जनविश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में संवेदनशील पुलिसिंग और जनविश्वास की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।


# डॉक्टर बन इलाज करने वाले पर कलेक्टर की गिरी गाज

हरिभूमि की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय, एसटीएस कर्मचारी को थमाया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सरकारी अस्पताल में आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर लापरवाही और अनियमितता उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में पदस्थ एक एसटीएस कर्मचारी द्वारा डॉक्टर की भूमिका निभाकर टीवी मरीज का इलाज किए जाने के मामले को जब हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, तो जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वयं हस्तक्षेप करते हुए पलेरा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक सख्ती के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और संबंधित कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में



कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा
जिला टीकमगढ (म.प्र.)
( email- bmochcpalera1@gmail.com)

क्रमांक/ 2026-2027/ पलेरा दिनांक :-

प्रति ,
श्री अर्विंद्र चंदेरिया (एस टी एस)
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा जिला टीकमगढ
विषय :- स्वयं को डॉक्टर बताकर मरीज का उपचार करने एवं अनियमितता के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र।
संदर्भ :- समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिनांक 24.05.2026

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि यह संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा स्वयं को डॉक्टर बताकर श्री रामप्रसाद अहिरवार, उम्र 47 वर्ष, निवासी मऊरानीपुर का उपचार किया गया तथा उन्हें लगभग ₹3500/- की दवाइयाँ लिखी गईं। उक्त उपचार के उपरांत संबंधित मरीज की तबीयत बिगड़ जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त प्रकरण के संबंध में समाचार पत्र हरिभूमि में समाचार प्रकाशित हुआ है तथा सोशल मीडिया पर संबंधित वीडियो भी वायरल हुआ है, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई है एवं आमजन में स्वास्थ्य विभाग के प्रति भ्रम एवं असंतोष की स्थिति निर्मित हुई है।

यदि उक्त आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो आपका यह कृत्य शासकीय सेवक आचरण नियमों के विपरीत होकर गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। बिना विधिवत चिकित्सकीय योग्यता एवं प्राधिकरण के किसी मरीज का उपचार करना अत्यंत गंभीर विषय है।अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस सूचना पत्र के प्राप्त होने के 03 दिवस में अपना स्पष्ट एवं तथ्यात्मक लिखित स्पष्टीकरण इस कार्यालय में प्रस्तुत करें कि क्यों न आपके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

निर्धारित अवधि में समाधानकारक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है तथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा
जिला – टीकमगढ (म.प्र.)

प्रतिलिपि ,
श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला टीकमगढ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला टीकमगढ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा
जिला – टीकमगढ (म.प्र.)



वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

एसटीएस कर्मचारी पर डॉक्टर बनकर इलाज करने का आरोप, मरीज की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा एक बार फिर गंभीर आरोपों और विवादों के चलते चर्चा में आ गया है। इस बार क्षय रोग विभाग में एसटीएस के पद पर पदस्थ अरविन्द चंदेरिया पर बिना चिकित्सकीय अधिकार के डॉक्टर बनकर मरीज का इलाज करने तथा गलत उपचार से मरीज की हालत बिगाड़ने के आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक चर्चा में ला दिया है।

जानकारी के अनुसार 47 वर्षीय रामप्रसाद अहिरवार निवासी मऊरानीपुर अपना टीवी बीमारी संबंधी उपचार कराने के लिए पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में पदस्थ एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदेरिया ने स्वयं को डॉक्टर की भूमिका में प्रस्तुत करते हुए मरीज का इलाज शुरू किया और मेडिकल स्टोर से लगभग 3500 से 4000 रुपए तक की दवाइयां लिख दीं। पीड़ित मरीज का आरोप है कि दवाइयों का सेवन शुरू करने के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसने फोन कॉल के माध्यम से अरविंद चंदेरिया को अपनी स्थिति बताई और राहत की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि उसे लगातार इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी जाती रही। मरीज की स्थिति गंभीर होने के बाद परिजनों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। मामले में एक और गंभीर पहलू तब सामने आया जब मरीज रामप्रसाद अहिरवार ने स्वयं को उत्तर प्रदेश निवासी बताया, जबकि अस्पताल रिकॉर्ड में उसका पता पलेरा तहसील के टोरी गांव का दर्ज किया गया बताया जा रहा है। इस विसंगति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं और रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है जब एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदेरिया को लेकर शिकायतें सामने आई हों। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी उनके खिलाफ जिला स्तर पर लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि गरीब और अशिक्षित मरीजों को निशाना बनाकर उनसे आर्थिक लाभ लेने की कोशिश की जाती है। इस पूरे मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि कोई गैर चिकित्सकीय कर्मचारी डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहा था, तो अस्पताल प्रशासन को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी और समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि मरीज द्वारा अरविंद चंदेरिया से हुई बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया और लोगों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी दिखाई देने लगी।

स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा बिना चिकित्सकीय योग्यता इलाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में यदि इस प्रकार की लापरवाही जारी रही तो गरीब मरीजों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है।

इनका कहना है

मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त जानकारी प्राप्त हुई है कि अरविंद चंदेरिया के द्वारा डॉक्टर बनकर जो इलाज किया गया है उसकी गंभीरता से जांच कर कार्यवाही की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारियों को इस पूरे मामले में अवगत करा दिया गया है।

अजय गुप्ता, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पलेरा

पदस्थ एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदेरिया पर आरोप है कि उन्होंने डॉक्टर बनकर टीवी से पीड़ित मरीज का इलाज किया। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली और अस्पताल की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर बिना अधिकृत चिकित्सकीय अधिकार के कोई कर्मचारी मरीजों का उपचार कैसे कर रहा था। कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशों के बाद पलेरा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अजय गुप्ता ने एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदोरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कर्मचारी को तीन दिवस के भीतर पूरे मामले में अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कड़ी कार्रवाई भी संभव है। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा पूर्व में भी विभिन्न विवादों और व्यवस्थागत खामियों को लेकर चर्चाओं में रहा है। ऐसे में यह मामला सामने आने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकारी अस्पतालों में निगरानी व्यवस्था, जिम्मेदारी तय करने और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है। अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि आखिर इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कितना सख्त कदम उठाया जाता है।

तालाब से निकाली गई जलकुंभी

# जल बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश देकर पोखना तालाब में हुई सफाई



**बड़ागांव धसान।** जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व पर बुधवार को बड़ागांव के ऐतिहासिक पोखना तालाब स्थित हनुमान घाट पर व्यापक सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रजापति के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगर परिषद कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा तालाब परिसर की सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान घाट परिसर की साफ-सफाई से हुई। इसके बाद तालाब में फैली जलकुंभी और अन्य गंदगी को हटाने का कार्य किया गया। श्रमदान में शामिल लोगों ने तालाब के किनारों पर फैले कचरे को एकत्र कर उसका निस्तारण कराया। अभियान के दौरान पूरे घाट परिसर में स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता दिखाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रजापति ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों को बचाने और उन्हें स्वच्छ रखने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। गंगा दशमी जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार के अभियान लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि तालाब, कुएं और अन्य जल स्रोतों में गंदगी न डालें तथा जल संरचनाओं की नियमित सफाई में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि आज जल संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो आने वाले समय में जल संकट और गहरा सकता है। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वयं तालाब में उतरकर जलकुंभी हटाई और श्रमदान किया। इस पहल को स्थानीय लोगों ने भी सराहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जल बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद राकेश यादव, मोहन अहिरवार, अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल प्रजापति, मछुआ समिति अध्यक्ष करी रैकवार, कपिल नामदेव, महेश रैकवार, बृजेंद्र राजा, नरेश खरे, स्वदेश तोमर, पप्पू कुशवाहा सहित नगर परिषद का समस्त स्टाफ एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अभियान के अंत में सभी ने भविष्य में भी नियमित रूप से तालाबों और जल स्रोतों की सफाई के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने की बात कही।

# कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने लगाई नदी घाट पर झाड़ू

गंगा दशहरा पर जमडार नदी घाटों पर चला स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर जिलेभर में जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को शिवधाम कुंडेश्वर स्थित जमडार नदी के घाटों पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने श्रमदान कर घाटों की साफ-सफाई की तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ घाट पर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद सभी ने नदी किनारे फैली गंदगी और कचरे को हटाकर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से लोगों को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में कुण्डेश्वर धाम मंदिर परिसर एवं नदी घाटों की सफाई के लिए यह विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब और कुएं जैसे जल स्रोत मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि सभी लोग जागरूक होकर सहयोग करें तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जन अभियान परिषद के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने घाटों की सफाई में श्रमदान करते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने और उनके संरक्षण के लिए निरंतर जनजागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। वहीं प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार शाम जमडार नदी पर भव्य महाआरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालुजनो ने शामिल होकर अपना योगदान दिया।

## खेत से खंडा-बोल्डर ट्रॉली में भर ले गए चोर

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा में खेत की मेड़ पर रखे कीमती खंडा-बोल्डर चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे और खेत की मेड़ पर रखे पत्थरों को भरकर ले गए। इस दौरान खेत की सुरक्षा के लिए लगाई गई तार फेंसिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कल्याणपुरा निवासी एवं वर्तमान में ग्राम बांसी में रह रहे अधिवक्ता अवनीश कुमार उपाध्याय पुत्र रूपनारायण उपाध्याय ने थाना जखौरा में दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम कल्याणपुरा में प्रतीक्षालय के पास उनकी कृषि भूमि स्थित है, जिसे स्थानीय लोग सेता के नाम से जानते हैं।

बैठक के बाद महिला प्रधान आरक्षक का जन्मदिन मनाकर एसपी ने दिया आत्मीयता का संदेश

# खुशी व भावनाओं को साझा करने से संगठन बंनता है सशक्तः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




आगामी त्योहारों के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था, सतर्कता एवं असूचना संकलन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम में विशेष बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में असूचना संकलन कार्य में लगे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा पुलिस बल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने तथा किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चर्चा हुई, वहीं बैठक समाप्त होने के बाद एक आत्मीय और भावनात्मक क्षण ने पूरे वातावरण को पारिवारिक अपनत्व से भर दिया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को जानकारी मिली कि बैठक में शामिल महिला प्रधान आरक्षक दमयंती शर्मा का जन्मदिन है। इस पर उन्होंने स्वयं केक कटवाकर समस्त पुलिसकर्मियों के साथ उनका जन्मदिन मनाया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महिला प्रधान आरक्षक को बधाई देते हुए इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार में आपसी सम्मान, सहयोग और भावनात्मक जुड़ाव का माहौल दिखाई दिया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा के साथ संवेदनशीलता और आपसी सम्मान किसी भी मजबूत संगठन की वास्तविक पहचान होती है। जब संगठन अपने साथियों की खुशियों और भावनाओं को साझा करता है, तब टीम भावना और अधिक मजबूत होती है। इस आत्मीय पहल ने यह संदेश दिया कि पुलिस केवल अनुशासन और कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और पारिवारिक सहयोग की भावना को भी समान महत्व देती है। उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संगठनात्मक एकजुटता और टीम भावना को और सशक्त बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### कलेक्टर के भ्रमण के बाद फिर शुरू हुई दो साल से ठप पड़ी गतिविधियां

# क्या कलेक्टर के प्रयास लाएंगे रंग, फिर जनता की धरोहर बनेगा श्योपुर किला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्या कलेक्टर शीला दाहिमा के भ्रमण के बाद 2 साल से आमजन के लिए बंद हुए श्योपुर किला के दरवाजे दोबारा खुलेंगे क्या शहर वासी सहित बाहर से आने वाले लोग किले में आकर्षण का केंद्र सहरिया संग्राहलय को निहारने दोबारा से किला परिसर में पहुंचने लगेंगे अभी तक चल रही गतिविधियों से तो ऐसा ही लग रहा है कि शायद 2 साल पहले लोगों के लिए बंद हुए किले के गेट दोबारा खुल जायेंगे. ज्ञात हो कि विगत दिनों कलेक्टर शीला दाहिमा ने किला परिसर में पहुंचकर वहां किले को लीज पर लेकर होटल बना रहे कंपनी के मैनेजर से चर्चा की थी और किले के भीतर संचालित सहरिया संग्रहालय अथवा पुरातत्व विभाग की संरक्षित मूर्तियों को सुरक्षित रखने और आमजन के दर्शनों के लिए संग्राहलय दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे.

दो साल पहले तक पर्यटन विकास विभाग, नगर पालिका, पुरातत्त्व विभाग, जिला पर्यटन पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसी), विकास विभाग अथवा पेंच परियोजना के बीच किले के अधिकार को लेकर फंसा पेंच उस समय शिथिल होता दिखाई पड़ा जब इस किले दोनों गेटों में उस होटल व्यवसाई ने ताले डालकर लोगों की किले में आवाजाही रोक दी। अचानक इस तरह इस ऐतिहासिक इमारत में ताले डालने और जिला वासियों का प्रवेश अपनी ही धरोहर के भीतर निषेध कर देने से श्योपुर वासियों को मायूसी तो जरूर हुई थी लेकिन वह यह सोचकर चुप बैठ गए कि शायद उन पर लगाए प्रतिबंध के कारण ही इस किले के साथ साथ जिले की किस्मत भी पर्यटन व्यवसाय के माध्यम से सुधर जाए। लेकिन लोगों की इस उम्मीद को तब झटका लगा जब इस ऐतिहासिक धरोहर की प्राचीन ओर विशाल दीवार अत्यधिक बारिश के चलते भर भरकर गिर गई। इस दीवार के गिरने के बाद इस धरोहर पर मालिकाना एकाधिकार जमाने वाले पांच विभागों के साथ उस होटल व्यवसाई ने भी जिम्मेदारी से हाथ खींच लिए जिन्हें किले को हेरिटेज होटल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रश्न वही उठ रहा है कि आखिर किले के संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी है क्या उन विभागों की है जो इसे निजी हाथों में जाने का विरोध कर रहे थे या फिर उस होटल व्यवसाई की है जो किले को हेरिटेज होटल बना कर उससे कमाई करना चाहता था। इस मामले में तत्कालीन कलेक्टर की अरुचि भी आश्चर्य जनक रही लेकिन अब कलेक्टर शीला दाहिमा के तेवरों से तो ऐसा लग रहा हैं जैसे किला के द्वार फिर शहर वासियों के लिए खुल जायेंगे।



#### सहरिया संग्रहालय शिफ्ट होगा गुरु महल में

किला परिसर की का मुख्य आकर्षण सहरिया संग्रहालय है जो नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित किया जाता है लेकिन पुरातत्व विभाग द्वारा होटल व्यवसाई को किला लीज पर दिए जाने के बाद यह संग्राहलय भी 2 साल से बंद है यहां मूर्तियों की क्या हालत है पता ही नहीं है ज्ञात हो जिस संग्रहालय पूरे मध्य प्रदेश में इकलौता ऐसा संग्रहालय है जो सहरिया जनजाति के रहन-सहन संस्कृति से अवगत कराता है इसे देखने के लिए देश भर से सैलानी किले में आते हैं सहरिया संस्कृति की पहचान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य कलेक्टर शीला दाहिमा ने इसे गुरु महल में शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं जो होटल व्यवसाई द्वारा लिए गए किले से विपरीत दूसरी दिशा में अलग बिल्डिंग में है ऐसी स्थिति में किला परिसर में सैलानियों और शहर वासियों को भी आसानी से प्रवेश मिल जाएगा और सहरिया संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली इस धरोहर का भी संरक्षण हो सकेगा साथ ही पुरातत्व विभाग की एंटीक मूर्तियों का संग्राहलय भी गुरु महल में किया जा सकता है.

#### पुरातत्व विभाग ने 450 मूर्तियों का बनाया ठिकाना

किला का कुछ हिस्सा पुरातत्व विभाग ने अपने कब्जे में लेकर उसे राष्ट्रीय धरोहर चिन्हित भी कर दिया है। घुड़साल, गौड राजाओं की छतरियां, बावड़ी और उसके पास वाला क्षेत्र पुरातत्व विभाग के अधीन आता है। जंगल से खोज कर लाई गई 450 प्राचीन मूर्तियां भी रखी गई है जो प्राचीन महत्व की धरोहर है। अगर पुरातत्व विभाग के नियम कायदों की बात करें तो जो इमारत पुरातत्व विभाग के अधीन होती है वहां और उसके आसपास 300 मी दूरी तक कोई निर्माण नहीं किया जा सकता पर पर 300 मीटर तो छोड़ी किला परिसर के आसपास ही खूब निर्माण हो रहे हैं।

#### एक नजर में श्योपुर किला

- 50 बीघा के आसपास के क्षेत्र में फैला है श्योपुर किला
- 11वीं शताब्दी में था श्योपुर किले का अस्तित्व
- 1194 से 1219 ईसवी तक नरेसर के राजा अजयपाल की राजधानी रहा किला
- 1301 ईसवी में अलाउद्दीन खिलजी ने किले को जीता
- 1489 ईसवी में सुल्तान महमूद खिलजी ने किले पर जीत हासिल की।
- 1542 में शेरशाह सूरी ने किले घर अधिकार किया।
- 1809 में ग्वालियर के शासक महाराज दौलतराव सिंधिया ने शासन किया
- 225 वर्षों तक किला गौड राजाओं की राजधानी रहा।

#### इनका कहना..

कलेक्टर ने होटल व्यवसाई को शीघ्र होटल को संचालित करने के निर्देश दिए साथ ही गुरु महल में सहरिया संग्रहालय शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं. उस निर्देश की पालना शीघ्र की जाएगी फिलहाल गुरु महल को संग्रहालय के लायक विकसित किया जाना है.

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

### अभी तापमान और अधिक बढ़ने की है संभावना

# पहले दिन खूब तपा नौतपा, 44 डिग्री तक पहुंचा सूर्य का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



25 मई से 2 जून तक पड़ने वाले नौतपा के पहले दिन लोगों को प्रचण्ड गर्मी का सामना करना पड़ा. सोमवार को अधिकतम तापमान 44° सेल्सियस दर्ज किया गया जो रविवार 43° से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. इस प्रचण्ड गर्मी से बचने के लिए लोगों को एसी कूलर का सहारा लेना पड़ा 2 जून तक पड़ने वाले इस चक्र में अभी तापमान और अधिक होकर 45° तक जाने की संभावना है. गर्मी के चलते दिन में बाजार की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा.

सोमवार से नौ दिन भीषण गर्मी के होंगे. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को संभलकर रहने की अपील की है. इन नौ दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी. कुदरत का यह खास मैनजमेंट किसानों के लिए कितना फायदेमंद है, इस विषय में विज्ञान में तो खास कुछ नहीं है लेकिन शास्त्रों के अनुसार ये नो दिन बारिश के चार माह तय करने मे सक्षम है. नौतपा के बारे में हिंदू पंचांग में खास जानकारी दी गई है. इसके मुताबिक नौतपा यानी नौ तपने वाले दिन होते हैं. नौतपा के दौरान सूर्य देव पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाते हैं. ज्योतिष में इसे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश को कहते हैं. इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पहुंचती है. वैसे तो सूर्य देव इस नक्षत्र में कुल 15 दिनों तक रहते हैं लेकिन शुरुआती नौ दिनों तक सबसे ज्यादा प्रभाव रहता है. इसके बाद धीरे-धीरे प्रभाव कम होने लगता है।

### लाईट से जुड़ी समस्या को लेकर बिजली कंपनी दफ्तर पर किसानों ने दिया धरना

# एसई से किसान नेता बोले, मुंह काला कर गधे पर बैठाकर बिंदोरी निकालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अगर किसानों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार और भ्रष्टाचार को खत्म नहीं किया गया तो ऐसे लापरवाह बिजली अधिकारी जो किसानों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं उनका काला मुंह कर गधे पर बैठाकर बिंदोरी निकालेंगे यह बात सोमवार को किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक से कहीं दरअसल किसान बिजली कंपनी से जुड़ी समस्या को लेकर महाप्रबंधक के कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे इस दौरान किसानों ने धरना देकर विरोध भी जताया.

कई किसान नेता बिजली समस्या को लेकर एसई के कार्यालय पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार के खिलाफ नारेबाजी की धरना दिया. बाद में मौके पर पहुंचे बिजली कंपनी के महाप्रबंधक से किसान नेताओं ने चर्चा करते हुए कहा कि आपके अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं वह किसानों से नए कृषि कनेक्शन पर 20000 के रसीद काटकर देते हैं और 60 से 70 हजार रुपए तक वसूलते हैं. इस दौरान एसई ने किसानों से कहा कि जो अधिकारी कर्मचारी इस तरह का भ्रष्टाचार करता है उसके खिलाफ आवेदन दो में कार्रवाई करूंगा इस पर किसान नेता राधे श्याम मूंडला ने पुलिस प्रशासन के सामने ही बिजली कंपनी महाप्रबंधक श्योपुर से कहा कि अब आवेदन नहीं देंगे भ्रष्टाचार करने वालों को काला मुंह करके गधे पर बैठाकर बंदोरी निकलेंगे और जूते मारेंगे। किसान नेता ने बाद मे अपने शब्दों को दोहराते हुआ कहा कि यह चेतावनी नहीं है अगर बिजली कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों ने किसानों का शोषण एवं भ्रष्टाचार बंद नहीं किया तो गधे पर बैठकर बंदोरी निकलेंगे और जूते भी मारेगे चाहे हमें जेल में ही क्यों न जाना पड़े।

इस दौरान किसान नेता अनिल सिंह, जसवंत मीणा बछेरी, हनुमान मीणा जैदा, मुकेश मीणा हिरनीखेड़ा, सरपंच धर्मराज मीणा,महेंद्र जाट, ओपी धानोद, अभिषेक मीणा कलोनी, अभिषेक बमोरी, समीर दांतरदा, देवकरण, खेमराज नागदा, ओमप्रकाश, रूकमकेस, बालमुकुंद, अखिलेष, अमिताभ, दिलिप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## एफआईआर दर्ज, अब वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले को ढूंढकर पकड़ेगी पुलिस

**श्योपुर।** पिछले दिनों गोलीकांड के बाद कराहल थाने में हुए हंगामे के दौरान जिन लोगो के द्वारा पुलिस के वाहनो में तोडफोड की गई है,उन लोगो को कराहल थाना पुलिस अब ढूंढकर पकडेगी और उन्हें सलाखो के पीछे भेजेगी। बता दे कि हंगामे के दौरान कराहल थाने में रखे पुलिस के वाहनों में लाठी डंडो से तोडफोड कर दी थी। इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने महिला एएसआई मैना बाई की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगो के खिलाफ सरकारी वाहनो में तोडफोड करके शासकीय संम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। ऐसे में अब कराहल थाना पुलिस ने तोडफोड करने वाले लोगो का पता लगाकर उन्हें अरेस्ट करेगी।

### महिला डिप्टी रेंजर के साथ धक्कामुक्की, एफआईआर

**श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित वन चैकी गढी में पदस्थ महिला डिप्टी रेंजर सुमन दादोरिया के साथ धक्कामुक्की और जातीय अपमान करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि वन चैकी परिसर में रखे तेंदूपत्तो को एक व्यक्ति की बकरिया ने घुसकर खा लिया। जिसके बारे में डिप्टी रेंजर ने इन बकरियो के साथ मौजूद रामरूप कुशवाह निवासी उपचा से कहा तो वह डिप्टी रेजर पर भडक गया और गाली गलौच व जातीय अपमान करते हुए धक्का मुक्की कर दी। पुलिस ने रामरूप के खिलाफ धक्की मुक्की, गाली गलौच,जातीय अपमान तथा एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आज भी डाकघरों में बनाए जाएंगे नए आधार कार्ड

**श्योपुर।** शिवपुरी एवं श्योपुर जिले में डाक विभाग द्वारा विशेष आधार महा अभियान 25 मई के बाद 26 मई को भी आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत नागरिक अपने आधार कार्ड का नया नामांकन (एनरोलमेंट) एवं अद्यतन (अपडेशन) आसानी से करा सकेंगे। अभियान के दौरान सभी सामान्य आधार केंद्र प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित रहेंगे। जबकि प्रधान डाकघर शिवपुरी में यह सुविधा रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। एचएस भीलवार अधीक्षक डाकघर शिवपुरी ने सभी नागरिकों से इस सुविधा का लाभ सभी आधार केंद्र कोलारस, पिछोर, शिवपुरी सिटी, डाकघर पोहरी डाकघर, श्योपुर मुख्य डाकघर एवं प्रधान डाकघर शिवपुरी पर उठाए जाने की अपील की है।

## नपाध्यक्ष से महिलाओं ने लगाई पानी की गुहार, 24 घंटे में दिए बहाली के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अपने दफ्तर में बैठकर जनसुनवाई कर रही नपाध्यक्ष रेनू राठौर से वार्ड नं 01 किला बगीची बस्ती की महिलाओं ने मिलकर पानी की समस्या से अवगत कराया. महिलाओ द्वारा बताई गई समस्या को नपाध्यक्ष ने अधीनस्थ अमले को 24 घंटे के भीतर निराकरण के निर्देश दिए.नपाध्यक्ष से मिली महिलाओं ने इन्हे बताया की बगीची बस्ती में पीने के पानी नावघटा बस्ती से आता है लेकिन नावघटा बस्ती की की बोर कई महीनो से खराब पड़ा है जिससे पीने के पानी का संकट आ गया है, लोगों को पीने का पानी किला गेट के नीचे से भरकर लाना पड़ रहा है. नपाध्यक्ष ने उप यंत्री पवन गर्ग को 24 घंटे के भीतर बगीची बस्ती में मीठे पानी की बहाली करने के निर्देश दिए.

### ग्रामीणों ने स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# नहीं बनाया लूंड गांव का स्कूल भवन तो एक जून से शुरू करेंगे भीख मांगो यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के ग्राम लूंड में संचालित सरकारी स्कूल के लिए कोई भवन न होने से स्कूली बच्चो को पेड के नीचे बैठकर पढाई करने को मजबूर होना पडता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपकर लूंड गांव के स्कूल के लिए जल्द स्कूल भवन बनाए जाने की मांग जोरदारी से उठाई। इस दौरान ग्रामीणों ने यह अल्टीमेटम में भी प्रशासन को दे दिया कि स्कूल भवन निर्माण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एक जून से भीख मांगो यात्रा निकालेगे और भीख मांगकर स्कूल भवन का निर्माण कराएंगे।

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पिछले लगभग 4-5 वर्षों से लगातार मांग उठाने, आवेदन देने एवं संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से निवेदन करने के बाद भी लूंड गांव के सरकारी स्कूल के लिए स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया जा सका है। जिसकारण गांव के बच्चों को स्कूल भवन के अभाव में खुले आसमान तले पेड के नीचे बैठकर पढाई करने को मजबूर होना पड रहा है।



#### ग्रामीण बोले भीख मांगकर जुटाएंगे राशि, बनाएंगे स्कूल भवन

ज्ञापन सौपने के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने अब भी स्कूल भवन निर्माण को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई तो हम सब ग्रामीण एक जून से भीख मांगो यात्रा शुरू करेगे और गांव गांव जाकर भीख मांगकर राशि जुटाकर स्कूल भवन का निर्माण करेगे। ताकि गांव के गरीब बच्चों का पढाई करने के लिए स्कूल भवन मिल सके। ज्ञापन सौपने के दौरान अभिषेक मीणा कलोनी, हनुमान मीणा ,अखिलेश मीणा, मुकेश मीणा, नरेंद्र मीणा, मुकुट मीणा, गिरिराज मीणा, राम लखन मीणा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### श्योपुर जिले के स्थापना दिवस पर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# विविधताओं से परिपूर्ण है श्योपुर जिला इसके विकास की असीम संभावनाएं: दाहिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर जिला विविधताओं से परिपूर्ण है, अपनी संस्कृति, प्रकृति से धन-धान्य इस जिले के विकास की संभावनाएं असीम है, वर्तमान में यह जिला प्रगति की ओर उत्तरोत्तर कदम बढा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है। चीता प्रोजेक्ट ने इस जिले को विश्वव्यापी पहचान दी है। 60 प्रतिशत वन संपदा से आच्छादित और राजस्थानी संस्कृति के साथ ही विजयपुर क्षेत्र में ब्रजभाषी लोक संस्कृति और कराहल की सहरिया संस्कृति इस जिले को विभिन्न आयाम प्रदान कर रही है। कूनों का नेसर्गिक सौन्दर्य प्रकृति प्रेमियों के लिए वरदान है। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को श्योपुर जिला गठन के 28 वे स्थापना दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर के सेमीनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि श्योपुर एक प्राचीन नगर है, इस जिले में विभिन्न संस्कृतियों का मिलन है, जो अपने आप में संपूर्णता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस जिले को प्रगति देने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने युवा शक्ति को आव्हान करते हुए कहा कि प्रकृति के संरक्षण की मुहिम में शामिल होकर अपना दायित्व निभायें, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर भू-जलस्तर में गिरावट आ रही है, इसलिए प्राकृतिक संतुलन के लिए जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म हमारी मंजिल नही और न ही गतंव्य है, यह केवल एक माध्यम है, इसका उपयोग अपनी ग्रोथ बढाने के लिए करें, अपने आप को अपडेट रखने के लिए करें और रचनात्मक कार्यो में उपयोगिता के लिए इसका उपयोग करें। मुख्य वक्ता के रूप में कैलाश नारायण गुप्ता ने कहा कि 1972 से शुरू हुआ जिला बनाओं आंदोलन 25 मई 1998 को जिला बनने के साथ ही पूर्ण हुआ, उस दौर में जो सपने देखे गये थे, वो अब साकार हो रहे है। जिला बनाओं आंदोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं संघर्ष समिति में शामिल रहे और 8 दिन तक ग्वालियर जेल में अन्य सत्याग्रहियों के साथ रहें। इस अवसर पर उन्होंने जिला बनाओं आंदोलन में भागीदार रहें सभी सत्याग्रहियों के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट की। वहीं समाजसेवी कैलाश पाराशर ने श्योपुर जिले की एतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह श्योपुर काफी प्राचीन नगर है और इसकी एक अलग ही एतिहासिक पृष्ठभूमि रही है। आजादी से पहले तक यह जिला था, मध्यप्रदेश के गठन के साथ ही मुरैना जिले में शामिल हुआ, सुदूरवर्ती इलाके में होने के कारण कभी इसे कालापानी के रूप में निरूपित किया जाता था, लेकिन आज चीता प्रोजेक्ट से श्योपुर जिले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि जिला सभी क्षेत्रों में आगे बढ रहा है, अधोसंरचनात्मक विकास की गति तेज हुई है, आवागमन के साधन बढे है, जिले में बढते कृषि उत्पादन से आर्थिक संपन्नता आई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा श्योपुर जिले में किये जा रहे विकास कार्यो के संदर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा द्वारा स्वागत भाषण देते हुए श्योपुर जिले की परम्पराओं एवं संस्कृति के बारे में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ सीमा चौकसे ने किया तथा आभार प्रदर्शन बीईओ मधु शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य आदि मौजूद थे।



#### विकास कार्यो से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा व्याख्यान माला से पूर्व श्योपुर कॉलेज में शिक्षा विभाग द्वारा जिले में हुए विकास कार्यो पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया गया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई।



## अकबर बने महादेव जी मेला समिति के अध्यक्ष

**श्योपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कराए जाने वाले श्री हजारेश्वर महादेव मेला समिति के अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद मुस्तफा अली बने हैं. उनका चयन सभी पार्षदों ने सर्व सम्मति से किया। विगत दिनों नगर पालिका परिषद में श्री हजारेश्वर महादेव मेला की दर स्वीकृत होने के बाद मेला लगाने के लिए ठेकेदार को हरी झंडी मिल गई थी ठेकेदार ने अपनी दुकान और झूले सजाने का काम मेला मैदान में शुरू कर दिया मेला संचालन के लिए हर साल परिषद एक समिति का गठन करती है जो इस बार सोमवार को श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित बैठक में किया गया, पार्षदों ने सर्व सम्मति से मेला समिति के अध्यक्ष पद पर वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद अकबर अली दाऊदी को अध्यक्ष बनाया.इस दौरान सभी पार्षदों ने उन्हें अध्यक्ष बनने पर बधाई दी, मेला अध्यक्ष बनने पर पार्षद अकबर अली ने नपाध्यक्ष रेनू राठौर सहित सभी पार्षदों का आभार जताते हुए कहा कि श्री हजारेश्वर महादेव मेला गौरवमयी रूप से संचालित किया जाएगा जिसमें कवि सम्मेलन, मुशायरा, आर्केस्ट्रा, भजन संध्या जैसे कार्यक्रम होंगे. मेला की शुरुआत भगवान शिव के अभिषेक और भजन संध्या के साथ होगी।

## बाइक सवार दो युवक झपट्टा मारकर छीन ले गए मोबाइल

**श्योपुर।** शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र में रहने वाले राजीव शर्मा बाइक सवार दो युवक तब झपट्टा मारकर मोबाइल छीन ले गए,जब वह बीते रोज रात्रि के दौरान शिवपुरी रोड स्थित अंग्रेजी शराब ठेके के सामने से होकर मोबाइल पर बात करते हुए अपने घर लौट रहा था। इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए राजीव शर्मा पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा ने बताया कि उसने मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार दोनो लडको को पकडने का खूब प्रयास भी किया,लेकिन वह तेज रफ्तार में बाइक दौडाते हुए भाग गए,उनके मुंह पर नकाव भी बंधा था,इसलिए वह उन्हे पहचान नहीं सका। कोतवाली पुलिस ने बताया कि इस मामले में मामला दर्ज कर बाइक सवार दोनो लडकों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जैन मिलन की कार्यकारिणी गठित

**अशोकनगर।** भारतीय जैन मिलन के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर सुरेश जैन ऋतुराज, वरिष्ठ संरक्षक अतिवीर विजय, राष्ट्रीय महामंत्री (प्रशासन) अतिवीर अजय जैन, महामंत्री (संगठन) अतिवीर महेंद्र कुमार एडवोकेट एवं राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर नरेश चंद जैन का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। मुझे पुनः केन्द्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मनोनीत करने के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ। संगठन ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसे पूरी निष्ठा और सक्रियता से निभाते हुए भारतीय जैन मिलन के मिशन को आगे बढ़ाना ही मेरा एकमात्र संकल्प है।

### 24 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत

**अशोकनगर।** शिवपुरी जिले के अंतर्गत मायापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौद आलम निवासी 24 वर्षीय पायल पत्नि राजकुमार चंदेल का शनिवार की रात 8 बजे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार जनों का कहना है कि उसे हार्ट अटैक आया था लेकिन जांच के दौरान पाया गया कि उसकी गर्दन पर चोटों के निशान थे। परिवार जन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना घर ले जाने की जिद पर अडे रहे जबकि डॉक्टरों द्वारा संदग्धि रूप से चोटों के निशान होने के कारण शव को देने से मना किया, पुलिस द्वारा समझाईस के बाद परिवार जन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत रामपुरा मोहल्ला अशोकनगर निवासी अमनदीप कौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुना निवासी अनमोल और ब्रम्हप्रीत कौर ने दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किय। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### मर्ग की जांच पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत 29 मार्च को आजाक थाने के पीछे मोहरी राय में टॉवर पर काम करने के दौरान अरूण की नीचे उतरने के दौरान मौत हो गई थी, उक्त मामले की जांच देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा द्वारा की जा रही थी, जांच के बाद पुलिस ने शाहजहां पुर उत्तरप्रदेश के ग्राम गंधरपुर निवासी आजम खान, शिवकुमार मोर्य और राजीव के विरूद्ध सुरक्षा की पर्याप्त इंतजाम नहीं करने और लापरवाही पूर्वक काम कराने से नीचे उतरने के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही पूर्वक काम कराने पर संबंधितों पर मामला दर्ज किया है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुंगीनाका विदिशा रोड़ निवासी जगदीश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छाटू और योगेश बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बमुरिया नई निवासी सचिन रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामू, पवन, राज रघुवंशी और अशुंल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी सुशील रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन भील और सूरज ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपौन निवासी संतोष अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकृष्ण अहिरवार ने उससे मारपीट की पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी सतपाल जाटव से पुलिस ने 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ग्राम सिमरिया निवासी संतराम अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथभटटी शराब जब्त की है।

---

### गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में गंगा दशहरा जागरूकता व व्याख्यान आयोजित

# जल के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं: डॉ. रश्मि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर जागरूकता एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन पर विस्तृत चर्चा की गई। संबोधन में प्राचार्य डॉ. जैन ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जल के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल मानव जीवन का आधार है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में जल का सदुपयोग करने, अनावश्यक जल व्यर्थ न करने तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियों और आदतों में बदलाव लाकर जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदूषण रोकने के लिए नागरिक शिष्टाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना, जल स्त्रोतों को गंदा न करना तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार एवं समाज को भी जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

#### संवर्धन की आवश्यकता पर जोर

इस अवसर पर प्रकाश चंद्र, डॉ. आशीष गुप्ता एवं डॉ. निशी भदौरिया ने भी जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जल संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने जल बचाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली




बीना। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था समन्वय मंडपम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हांसलखेड़ी, ढ़ीमरोली, हड़कल खाती एवं आगासौद में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली और जल संरक्षण का संदेश दिया। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने गांव के प्रमुख मार्गों से होकर जल स्त्रोतों तक पहुंचकर कुएं, बावड़ी एवं हैंडपंपों पर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया। ग्रामीणों को जल बचाने, वर्षा जल संचयन करने तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच, आंगनबाड़ी सहायिका, महिला समूहों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। नवांकुर संस्था समन्वय मंडपम के सदस्यों ने कहा कि जल ही जीवन है और यदि आज जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जल बचाने एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा तथा लोगों में पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता देखने को मिली।

---

### कवि सम्मेलन का आयोजन किया

## तीसरी बार एल्डरमैन बनने पर बिलगैयां का नागरिक सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नगर पालिका में राकेश बिलगैयां को तीसरी बार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर नागरिक सम्मान एवं अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कुश बोर्ड अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैयां तथा कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय पंडित राकेश सिरौठिया की स्मृति में समाज सेवा सम्मान प्रभुदयाल पटेल कुश बोर्ड अध्यक्ष को प्रदान किया गया। स्वर्गीय पंडित कमल किशोर बिलगैयां की स्मृति में पत्रकारिता सम्मान राजेश जैन, सचिन तिवारी और असलम बेग को प्रदान किया गया। नगर के वरिष्ठ कवि गीतकार स्वर्गीय आनंदप्रिय ओसवाल का काव्य रत्न सम्मान शायर इरफान खान को प्रदान किया गया। उत्कृष्ट खेल प्रतिभा सम्मान निरंजन गौतम को प्रदान किया गया। साथ ही समस्त नवनियुक्त मनोनीत एल्डरमैन विमल अहिरवार, संतोष कुशवाहा, पवन गुलाटी का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के बाद अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन शुरु हुआ। जहां देशभर से आए कवियों ने अपनी हास्य और व्यंग्य रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कवि सुनील समैया ने किया।

### समाधि प्रकरण को लेकर जैन समाज ने मौन जुलूस निकाल कर ज्ञापन सौंपा

बीना। नगर की समस्त जैन मंदिर कमेटियों एवं जैन समाज द्वारा को आर्यिका श्रुतमति माता एवं आर्यिका उपशममति माता के दुखद समाधि प्रकरण को लेकर विशाल मौन जुलूस निकाला गया। रिटायर्ड, रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया सुबह 8 बजे से मौन जुलूस नाभिनंदन इटावा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर कच्चे मार्ग, महावीर चौक, बड़ी बजरिया पार्श्वनाथ जैन मंदिर, स्टेशन रोड होते हुए सर्वोदय चौराहा पहुंचा। वहां समस्त समाज जन एकत्रित हुए तथा एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौन जुलूस पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रूप से आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के महिला, पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। समाजजनों ने आर्यिका माताजी की दुर्घटना में निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं विहाररत जैन संत-साध्वियों की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था की मांग की।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं विभिन्न जैन मंदिर समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



---

## रोटरी प्रांतपाल की अशोकनगर क्लब की अधिकारिक यात्रा संपन्न



**अशोकनगर।** सेवा के क्षेत्र में रोटरी विश्व की सबसे अग्रणी संस्था है जिसने 2०० से अधिक देशो में विशाल परिवार स्थापित है। रोटरी अन्तरराष्ट्रीय द्वारा 120 सालों में दुनिया के 200 से अधिक देशो में 45000 क्लब के साथ 13 लाख सदस्यों के साथ मानव सेवा का कार्य करते हुए पूरी दुनिया से पोलियो के उन्मूलन का महती कार्य किया है। अब शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम टेक नाम से गतिमान है। रोटरी जिला 3050 की प्रान्तपाल निशा शेखावत ने यह जानकारी अपने उदबोधन में प्रदान की, रोटरी क्लब अशोकनगर की आधिकारिक यात्रा पर उनका अशोकनगर आगमन हुआ, उसी प्रसंग पर अशोकनगर के 53 वर्ष पुराने रोटरी क्लब द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवगठित स्कूली छात्र छात्राओ के इंटरेक्ट क्लब का स्थापना प्रमाण पत्र और सदस्यता प्रमाण पत्र दिए गए, जिले के मेघावी छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विशेष रूप से जिले के गौरव चितवन जैन आई एएस में चयनित होने पर मुस्कान रघुवंशी जिन्होंने साइकिलिंग में अंतरराष्ट्रीय कीर्तिमान अर्जित किये अक्षत रघुवंशी जिन्होंने आईपी एल में क्रिकेट खेलकर नगर को गौरवान्वित किया। साथ ही बुशु खिलाडियो की महती सफलता के लिए इन सभी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोकनगर क्लब में तीन नए सदस्य मृदुल जैन मनीष अग्रवाल और धीरज अग्रवाल को नवीन सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। रोटरी गौरव वरिष्ठतम सदस्य रोशन कोहली का क्लब में 53 वर्ष पूर्ण होने पर रोटरी इंटरनॅशनल द्वारा सम्मान किया गया।

वरिष्ठ सदस्यों बी.डी.गुप्ता,डॉ. राकेश जैन,पी.डी अग्रवाल, सुभाष जैन कैंची एवं प्रदीप मनोरिया को भी पच्चीस वर्ष से अधिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। नगर के सक्रिय समाज सेवी के रूप में कलम सिंह रघुवंशी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेको रोटेरियन सदस्य इनर व्हील सदस्याए नगर के प्रबुद्ध जन और पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप मनोरिया ने किया। अध्यक्ष अजित जैन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया सचिव अक्षय जैन ने क्लब के कार्यो की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस वर्ष क्लब द्वारा 3400 लोगों के नेत्र का इलाज किया गया है और 1400 सफल मोतियाबिंद के आपरेशन कराये गए हैं। चतुर्विद परीक्षण की प्रस्तुति विष्णु अग्रवाल और प्रेरक प्रसंग सुधीर गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया।


### नौतपा से एक दिन पहले जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा

**अशोकनगर।** रविवार को अशोकनगर जिले का तापमान नौ तपा के एक दिन पहले 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 4 दिनों से जिले में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान चल रहा था जिसमें रविवार को एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जिले का सर्वाधिक तापमान अब तक 45.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आने वाले नौ दिन जो जेठ की दोपहरी के रूप में जाने जाते हैं, इन नौ दिनों में अच्छी गर्मी पड़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। नौ तपा के नौ दिनों तक इनका प्रभाव रहता है, 25 मई से इनकी शुरूआत होती है और 2 जून तक इनका प्रभाव रहता है। नौ तपा के बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगते हैं, यह संकेत तेज हवा,आंधी के साथ मानसून काल की चेतावनी के रूप में रहते हैं। हालांकि नौ तपा का मौसम विज्ञानियों में कोई महत्व नहीं है लेकिन आम तौर पर यह माना जाता है कि हर वर्ष 25 मई से नौतपा की शुरूआत होती है 2 जून तक चलती है। 15 जून तक प्री मानसून की वर्षा की संभावनाएं रहती हैं।

## सोनेरा में हनुमान टेकरी पर चल रहा 651 कुंडीय सीताराम महायज्ञ

### वेद मंत्र की ध्वनि पर यज्ञ में बैठे जोड़े दे रहे आहुतियां






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के ग्राम सोनेरा में श्री हनुमान टेकरी पर 651 कुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ चल रहा है। 21 मई से शुरू हुए आयोजन में वेदमंत्रों की ध्वनि पर यज्ञ में बैठे श्रद्धालु यजमान जोड़ों द्वारा आहुतियां दी जा रहीं हैं।

इस महायज्ञ के आयोजन में विशाल यज्ञशाला के अलावा कथा पंडाल बनाया गया है। जिसमें विद्वानों द्वारा भागवत कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 12.30 बजे से 2.30 तक नारायण दास जी दीक्षित रेंजर महाराज की कथा, इसके पश्चात दोपहर 3.00 से शाम 6.00 बजे तक धीरेंद्राचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम की कथा तथा रात्रि में 8.00 से 11.00 तक पूज्य देवी राधा स्वरूपा रमा किशोरी जी विदिशा की कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। यज्ञ में प्रतिदिन 5 से 10 हजार दर्शनार्थी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनके लिए विशाल पंडाल में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ दर्शन परिक्रमा एवं भोजन शाला में भंडारे की व्यवस्था है। उल्लेखनीय है कि श्री हनुमान टेकरी सोनेरा पर साकेत वासी कनक बिहारी दास जी के उत्तराधिकारी शिष्य श्याम दास जी महाराज ने खुले आसमान के नीचे कठोर चातुर्मास तपस्या की थी। उसी के उपलक्ष में यह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भक्त दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। यहां यज्ञ दर्शन परिक्रमा एवं भागवत कथा, भंडारे का आनंद उठा रहे। यह आयोजन 29 मई तक चलेगा।

---

## श्रीमद भागवत कथा का हवन और भंडारे के साथ समापन



**अशोकनगर।** चंदेरी स्थित राजघाट जल विद्युत गृह एवं बेतवा रिवर बोर्ड कॉलोनी में पिछले 7 दिवस से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज यज्ञ पूर्ण आहुति गोदान एवं कन्या भोज तथा भंडारे के साथ समापन हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस में पंडित कनक बिहारी महाराज के द्वारा यह बताया गया कि, श्रीमद् भागवत महापुराण भगवान श्री कृष्ण का साक्षात वांग्मय है, यह पवित्र पावन ग्रंथ सनातन धर्म संस्कृति का सर्वोच्च और सर्वमान्य ग्रंथ है, यह ग्रंथ 12 स्कंधों में विस्तारित है। जिसमें अध्यात्म जगत की संपूर्ण कथाओं का समावेश है और भगवान श्री कृष्ण की समस्त लीलाओं का वर्णन है ,जीवन में पुण्य कर्म के उदय होने से श्रीमद् भागवत कथा करने का यजमान को अवसर मिलता है। श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कनक बिहारी महाराज ने यह बताया कि, श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से हमारे जन्म-जन्मांतर के बंधन खुल जाते हैं और जीव इस संसार से मुक्त होता है और भगवान श्री कृष्ण की शरण में पहुंचता है, जो हर मनुष्य का अंतिम लक्ष्य होता है। चंदेरी में संपन्न हुई इस श्रीमद्भागवत कथा की आयोजक 93 वर्षीय सुमन वडजीकर थी, जिनके सानिध्य में यह श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह संपन्न हुआ है। कथा को विस्तार देते हुए कनक बिहारी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की 8 पट रानियों के साथ संपन्न हुए विवाहों की कथा सुनाई और श्री कृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तार से वाचन किया, पंडाल में उपस्थित समस्त श्रद्धालु भक्तजन, श्री कृष्ण और सुदामा जी की मैत्री कथा सुनकर भाव विभोर हुए। श्रीमद् भागवत कथा के पश्चात वैदिक परंपरा अनुसार यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति पश्चात 93 वर्षीय सुमन वडजीकर ने विधिवत गोदान प्रक्रिया संपन्न की।

### माता सीता के विदाई के प्रसंग का सुंदर वर्णन रामकथा में किया

# हृदय की धारा की तरह लयबद्धता हो तो हर दिन नयापन, नई उमंग व नया उत्साह होगा: रामहृदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





स्थानीय वेदांत भवन में मानस मर्मज्ञ पंडित रामहृदय दास महाराज ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन पर आयोजित राम कथा में श्रद्धालुओं कों संबोधित करते हुए कहा कि हमारा हर दिन नया हो, नए अवसर मिले, नई उमंग हो यह तभी होगा जब हृदय की धारा में लयबद्धता होगी।

उन्होंने कहा कि लयबद्ध हो विचार हैं वह छन्द हैं, हमारे जीवन के जो उत्तम विचार हैं वहीं श्लोक हैं, विचारों की महिमा ही श्लोक है, आत्मा मंत्र है उसका नाम श्लोक है, गुरू का सबसे प्यारा और दुलारा वहीं होता है जो गुरू की बात मानता है, उन्होंने कहा कि 5000 वर्ष पहले भगवान श्री कृष्ण का अवतरण हुआ। गोपी किसी स्त्री का नाम नही है, गोपी अपने आप में एक उपासना है। उन्होंने कहा कि हमे अपने जीवन में हमेशा क्रोध से बचना चाहिए, क्रोध अच्छा नहीं है, क्रोध अग्नि को कहते हैं, घर के चूल्हे में जो आग है वह घर चलाने के लिए है घर जलाने के लिए नही हैं। क्रोध जलाने के लिए नहीं है। श्लोक उत्तम विचार हैं, उत्तम विचार भगवान की रज की कृपा से प्राप्त होते हैं।

उन्होंने कहा कि हमे अपने जीवन में अभिमान से बचना चाहिए, खतरा अभिमान से है या अभिमानी से, अभिमानी को मारा जा सकता है, अभिमान को नहीं। अभिमानी को अगर कोई मारता है तो वह भगवान हैं। उन्होंने माता सीता के विदाई के प्रसंग का भी सुंदर वर्णन अपनी रामकथा में किया। उन्होंने कहा कि जब जानकी जी को विदा किया गया तो पूरा जनकपुर उदास हो गया, बेटी की विदाई में पिता सबसे ज्यादा रोता है। बेटी के हाथ पीले कर उसे उसके घर पहुंचा देता है उस दिन से बेटी अपने पति के घर की हो जाती है। डोली पिता के घर से उठती है और शादी के बाद बेटी की अर्थी उसके पति के घर से उठती है। उन्होंने रामकथा में परशुराम जी के प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि देह की अंतरात्मा सत्ता है, इन्द्रीयों पर मन की सत्ता है, जब परशुराम जी नाराज हुए तब प्रभु श्रीराम ने कहा कि आपके साथ युद्ध कैसे हो सकता है आप ब्राहम्ण है और में क्षत्रिय हूं आपका नाम परशु समेत राम है मेरा नाम राम है। उन्होंने हाथ जोड़कर निवेदन किया कि आप तो विप्र परमपरा से हैं जहां उन्होंने परशुराम जी का हाथ जोड़कर निवेदन किया। इस रामकथा में यजमान सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, मनोज और जयप्रकाश मलावनी परिवार हैं। इस राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। यह राम कथा 26 मई तक चलेगी, 27 मई को भंडारे के साथ इसका समापन होगा।